Fr 1621/p

भारतीय गैर न्यायिक

भारत INDIA

रु. 500 FIVE HUNDRED RUPEES

पाँच सौ रुपये Rs. 500

सत्यमेव जयते

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AF 923235

<u>न्यास (ट्रस्ट) की घोषणा</u>

(अनुसूचि 1, 64 का **The Indian Act 1899**)

स्टाम्प पत्र 4 किता कीमत अकंन 750/— रूपये

हम कि श्री खुशीलाल पुत्र बाबूनन्द निवासी वार्ड नं0 11 तीलाट, तिलत मधुबनी तिलथ विहार मुख्य ट्रस्टी व रविन्द्र राणा पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम निरपुडा तहसील बडौत जिला बागपत सेटलर व नरेन्द्र राणा पुत्र राममेहर राणा निवासी ग्राम निरपुडा तहसील बडौत जिला बागपत उपसेटलर है । यह कि मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर कई वर्षो से समाज सेवा में लीन है और आगे भी समाज सेवा में लीन रहना चाहते है । व्यवस्थापक की इच्छा समाज सेवा व शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक कार्य करने की है जिसके लिए व्यवस्थापक ने <u>राणा ऐजूकेशनल एण्ड सोशल ट्रस्ट</u> दिनांक 01—10—2019 ई0 को स्थापित किया है ।

विदित हो कि व्यवस्थापक धनराशि अकंन 5100/— रूपये के एक मात्र स्वामी व अधिकारी है तथा व्यवस्थापक शिक्षा के लिए कार्य व अन्य कार्य जिनका

Khushi Lal

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL MANAGER NIRPURA, BAGHPAT

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL PRINCIPAL NIRPURA, BAGHPAT

21

3-10-19

[illegible]

[illegible]

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

FC 420933

विवरण आगे दिया गया है के लिए एक ट्रस्ट की स्थापना की है और उक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु व्यवस्थापक ने उक्त राशि अकंन 5100/– रूपये को इन उद्देश्यो की पूर्ति हेतु व्यवस्थापक ने उक्त राशि अकंन 5100/– रूपये मुख्य ट्रस्टी को इस उद्देश्य से हस्तान्तरित कर दी है और दे दी है कि न्यासी उक्त राशि को आगे दी गई शक्तियों एवं प्राविधानों के अर्न्तगत बतौर न्यासी रखेंगा और इस विलेख का निष्पादन कर रहे है अतः व्यवस्थापक उपरोक्त इकरार करते है और घोषणा करतें है कि :–

1.यह कि उक्त राणा ऐजूकेशनल एण्ड सोशल ट्रस्ट दिनांक 01–10–2019 ई0 को स्थापित किया है ।

2.यह कि उक्त ट्रस्ट का मुख्य कार्यालय ग्राम निरपुडा तहसील बडौत जिला बागपत होगा,परन्तु ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वो उक्त ट्रस्ट का कार्यालय कहीं पर भी सहमति से स्थान्तरित एवं स्थापित कर सकता है

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL MANAGER NIRPURA, BAGHPAT

Khushi Lal Jha

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL PRINCIPAL NIRPURA, BAGHPAT

आवेदन सं०: 201900735016827

100

न्यास पत्र

बही सं०: 4 रजिस्ट्रेशन सं०: 162 वर्ष: 2019

प्रतिफल- 5100 स्टाम्प शुल्क- 750 बाजारी मूल्य - 0 पंजीकरण शुल्क - 120 प्रतिलिपिकरण शुल्क - 160 योग : 280

श्री राणा एडएण्डसोट्रमु खुशीलाल , Khushi Lal

पुत्र श्री बाबूनन्द

व्यवसाय : अन्य

निवासी: तीलाट तिलत मधुबनी तिलक विहार आधार न0-233466455897

ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनाँक 04/10/2019 एवं 01:53:32 PM बजे

निबंधन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रदीप कुमार प्र0 उपनिबंधक, बड़ौत

उप निबंधक :बड़ौत

बागपत

04/10/2019

रामदेव रामदेव रामदेव

निबंधक लिपिक

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

FC 42093

3

3.यह कि ट्रस्ट उक्त राशि अकंन 5100/— रूपये जिसे आगे ट्रस्ट फण्ड कहा गया है तथा भविष्य में ट्रस्ट की सम्पत्ति ,नगद राशि, निवेश, दान, ऋण अथवा अनुदान से प्राप्त सम्पत्ति सावधि जमा अथवा चालू राशि जो उक्त ट्रस्टी को समय समय पर प्राप्त हो को धारण करेगें तथा उक्त ट्रस्ट की चल व अचल सम्पत्ति को बतौर ट्रस्टी आगे दी गयी शक्तियों तथा कर्तव्यों का प्रयोग व अनुपालन करते हुए धारण करेगें उक्त ट्रस्ट को समस्त भारत वर्ष में से तथा अन्य किसी भी देश विदेश से कहीं से भी दान प्राप्त करने का सहयोग प्राप्त करने का तथा ट्रस्ट के उचित संचालन हेतु कहीं से भी किसी भी प्रकार की सहायता प्राप्त करने का पूरा अधिकार होगा तथा आवश्यकता पडने पर मानव एवं प्राणी मात्र की भलाई के लिए देश विदेश में कहीं भी ट्रस्ट की शाखा खोलने का पूरा अधिकार होगा ।

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL
MANAGER
NIRPURA, BAGHPAT

Khubchi Lal

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL
PRINCIPAL
NIRPURA, BAGHPAT

आवेदन सं०: 2019[illegible]7

बही सं०: 4 रजिस्ट्रेशन सं०: 162 वर्ष: 2019

निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमुन व प्राप्त धनराशि रु प्रलेखानुसार उक्त

न्यासी: 1

श्री राणा एडएण्डसोट्रमु खुशीलाल, पुत्र श्री बाबूनन्द

निवासी: तीलाट तिलत मधुबनी तिलक विहार

आधार न0-233466455897

व्यवसाय: अन्य



न्यासी: 2

श्री राणा एड ए स0 ट्र द्व सेटलर रविन्द्र राणा, पुत्र श्री राजकुमार

निवासी: ग्राम निरपुडा आधार न0-674312207007

व्यवसाय: अन्य

न्यासी: 3

श्री राणा एड ए स0 ट्र द्व उपसेटलर नरेन्द्र राणा, पुत्र श्री राममेहर राणा

निवासी: ग्राम निरपुडा आधार न0-782827655381

व्यवसाय: अन्य



ने निष्पादन स्वीकार किया । जिनकी पहचान

पहचानकर्ता : 1

श्री सतेन्द्रपाल राणा आधार न0-611082218657, पुत्र श्री ओमसिंह

निवासी: ग्राम निरपुडा

व्यवसाय: अन्य



पहचानकर्ता : 2

श्री राजकुमार आधार न0-610439457126, पुत्र श्री टीकाराम

निवासी: ग्राम निरपुडा

व्यवसाय: अन्य

ने की । प्रत्यक्षतःभद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिए गए है ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

भारतीय गैर न्यायिक

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

भारत

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

BS 73425

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

4

4.यह कि ट्रस्टी फण्ड तथा ट्रस्ट जिनकी पूंजी तथा अन्य चल व अचल सम्पंत्तियों को शिक्षा सवधर्म के मुख्य कार्य तथा अन्य सामाजिक उत्थान के कार्य,औषधालय तथा शिक्षण संस्थाओं व कार्यशालाओ की स्थापना एवं संचालन व व्यवस्था यात्री सेवा व सुविधा आदि के कार्य करने हेतु धारण करेगें तथा न्यासी को समय समय पर आवश्यकतानुसार न्यास के उद्देश्यों मे परिवर्तन करने का पूर्ण अधिकार होगा ।

5.यह कि ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए न्यासी को समय समय पर भूमि का ग्रहण /अधिग्रहण /सरकारी, गैरसरकारी संस्थाओं व्यक्तियों संस्थाओं या विभागों से करने का पूर्ण अधिकार होगा ।

Khushi Lal

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL MANAGER NIRPURA, BAGHPAT

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL PRINCIPAL NIRPURA, BAGHPAT

6.यह कि उक्त उद्देश्यों के अतिरिक्त तथा स्थापित उद्देश्यों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ट्रस्टी ट्रस्ट के फण्ड तथा आय को तथा उसके समस्त या किसी भाग को नीचे दिये गये उद्देश्यों में से किसी एक या अनेक या समस्त और जितनी मात्रा में चाहे स्र्वागींण रूप से प्रयोग कर सकते है ।

ट्रस्ट के उद्देश्य एवं कार्य

1.स्कूल कालिज तकनीकी आई0 टी0 आई0, जे0 ई0 व फार्मा शिक्षण संस्थाओं की स्थापना व संचालन करना । सभी प्रकार के स्कूल व ग्रेजुऐशन व पोस्ट ग्रेजुऐशन शिक्षण प्रशिक्षण तथा बी0टी0सी0, बी0एड0, एम0एड0 प्रबन्धन आदि के शिक्षा सम्बन्धी सभी कोर्स हेतु कालेजों की स्थापना करना व संचालन करना

2.शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु सभी प्रयास करना ।

3.शैक्षिक किताबों ,पेपर का प्रकाशन कराना , लाईब्रेरी, रीडिंग रूम तथा हास्टल आदि की स्थापना एवं संचालन करना ।

4.मैडिकल कालिज ,डेन्टल कालिज एवं अस्पताल व विश्वविद्यालय की स्थापना व संचालन करना ।

5.इंजीनियरिंग कालिज की स्थापना व संचालन करना ।

6.अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति तथा समाज के सभी वर्गो के जरूरतमंद छात्रो के लिए छात्रवृत्ति,शिक्षण शुल्क सहायता आदि प्रदान करना,तथा सरकार से प्राप्त करके बच्चो को देना ।

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL
MANAGER
NIRPURA, BAGHPAT

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL
PRINCIPAL
NIRPURA, BAGHPAT

7.सरकारी सहायता/गैर सरकारी सहायता/विदेशी सहायता प्राप्त करना तथा सरकारी नौडल संस्था का बिजनेश प्रमोटर एवं मास्टर फेन्चाईजी बनाकर उसे बढाने का कार्य करना तथा उक्त ट्रस्ट के द्वारा सरकारी अध्यापकों ,कर्मचारियों को कम्पूयटर प्रशिक्षण देना तथा उन्हे कम्पयूटर खरीदकर देना एवं सर्विस प्रोवाईड करवाना ।

8.अस्पताल,औषधालय, अनुसंधान शालाओ एवं रसायन शालाओं का संचालन एवं स्थापना करना ।

9.प्राकृतिक पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु कार्य करना । शहरों में पेड लगाना जिससे प्रदूषण कम हो । खाली पडी भूमि पर वृक्षारोपण करना ताकि पर्यावरण स्वच्छ रहे और आय के साधन बढे और अवैध कब्जे भी न हो पाये ।

10.निरीह प्राणियों ,पशु एवं पक्षियों की चिकित्सा का प्रबन्ध करना एवं उनके लिऐ चिकित्सालयो की स्थापना व व्यवस्था करना ।

11.स्कूल व कॉलिज में छात्रो / छात्राओं को पर्यावरण के लिए जागृत करने हेतु कार्यकम चलाना ।

12.कृषि भूमि तथा अन्य जमीन जायदाद आदि खरीदना ,प्राप्त करना उन्हे कय विकय करना, हस्तान्तरण करना तथा कृषि भूमि पर कृषि कार्य कराना ।

13.समस्त मानव एवं प्राणी मात्र के कल्याण के लिए कार्य करना ।

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL
MANAGER
NIRPURA,BAGHPAT

Khushi Lal Jha

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL
PRINCIPAL
NIRPURA,BAGHPAT

14. ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए भूमि क्रय करना, ट्रस्ट द्वारा क्रय शुदा भूमि पर भवन निर्माण करना तथा अन्य निर्माण कार्य आदि करना

15. ट्रस्ट की आय बढाने के उद्देश्य से सभी प्रकार के कार्य व प्रयत्न करना ।

16. ट्रस्ट का उद्देश्य योग, आध्यात्म, गौ–रक्षा एवं वैदिक संसकृति का प्रचार–प्रसार करना ।

17.छात्र एवं छात्राओं में नैतिक एवं चारित्रिक गुणों को विकसित करने हेतु सदैव सचेत रहना ।

18.छात्र एंव छात्राओं के उत्थान हेतु स्नातक एवं स्नात्कोत्तर के सभी विषयों में महाविद्यालय खोलना एवं संचालन करना ।

19.छात्र एवं छात्राओं के उत्थान हेतु सभी प्रकार के शिक्षक–प्रशिक्षण विद्यालय, महाविद्यालय खोलना एवं संचालन करना

20.छात्र एवं छात्राओ के उत्थान हेतु समस्त प्रकार के मैनेजमेन्ट कोर्स के महाविद्यालय खोलना एवं संचालन करना ।

21.छात्र एवं छात्राओं को उपयोगी नागरिक बनाने हेतु गृहस्थ जीवन,उपयोगी कला कौशल,आयुर्वेदिक विज्ञान,शिशुपालन पाक शास्त्र ,सिलाई, कढाई, बुनाई, रंगाई, हथकरघा आदि की शिक्षा का प्रबन्ध करना ।

22.गणित विज्ञान व दर्शनादि की शिक्षा के साथ–साथ अंग्रेजी संस्कृत राष्ट्र भाषा हिन्दी एवं क्षेत्रीय भाषाओं की शिक्षा का प्रबन्ध करना ।

23.ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रो में निरक्षरता को दूर करने हेतु विद्यालय खोलना एवं संचालन करना । व खेलकूद प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना करना व संचालन करना तथा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराना ।

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL MANAGER NIRPURA BAGHPAT

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL PRINCIPAL NIRPURA BAGHPAT

24.समाज में शैक्षणिक,व्यवसायिक एवं तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्राथमिक स्तर से उच्चतम स्तर तक के शिक्षण संस्थानों की स्थापना करना तथा उसका संचालन करना ।

25.समाज के पिछडे हुए और उपेक्षित वर्ग के लोगो के शैक्षणिक सामाजिक विकास हेतु प्रयत्न करना । छात्रावासों, वृद्वाश्रम , नारी निकेतन व बालसदन विद्यालयो स्कूलों एवं खेलकूद शिक्षण संस्थानों की स्थापना सवंर्धन एवं प्रोत्साहन प्रदान करना ।

26.वह सभी कार्य करना जो समस्त मानव जाति के लिए कल्याणकारी हो ।

27.गरीब एवं असहाय व्यक्तियों को अधिक से अधिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए विभिन्न जगहों पर शिविर लगाना, दवाईयों का वितरण करना, रोगो की जॉच करना, एवं उचित इलाज हेतु चिकित्सक उपलब्ध कराना ।

कार्यक्षेत्र

7.यह कि न्यास/ ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र सभी जिलों एवं राज्यों तथा समस्त भारतवर्ष होगा तथा आवश्यकता पडने पर ट्रस्ट की शाखॉऐ विदेशों में भी खोली जा सकेगी ।

ट्रस्टी के अधिकार, कर्तव्य एवं नियुक्ति –

8.यह कि मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर को ट्रस्ट फण्ड की आय व उसके किसी भाग को जितने तथा जिस अवधि तक न्यासी चाहे जमा रखने तथा संचय की हुई आय को कालान्तर में कभी भी या किसी भी समय ट्रस्ट के उद्देश्यों के लिए व्यय करने का पूर्ण अधिकार होगा ।

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL MANAGER NIRPURA, BACHPAT

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL PRINCIPAL NIRPURA, BACHPAT

9.यह कि मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर ट्रस्ट फण्ड या उसके किसी भाग अथवा भागों को किसी भी समय या अवसर पर जैसे कि ट्रस्टी उचित समझे उपरोक्त ट्रस्ट कें कार्यो में से एक या अधिक पर व्यय कर सकते है

10.यह कि केवल मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर का एक समान अधिकार ट्रस्ट पर तथा ट्रस्ट की सम्पत्तियों पर होगा तथा मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर की मृत्यु के बाद उसकी सन्तानों को अधिकार ट्रस्ट पर तथा ट्रस्ट की सम्पत्तियों पर होगा । मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर को यह अधिकार होगा कि वह अपना उत्तराधिकारी वसीयत के अनुसार निश्चित कर सके । ट्रस्टी सदस्यों के मरणोपरान्त उस वसीयत के अनुसार ही ट्रस्टी उस उत्तराधिकारी को ट्रस्ट में सदस्य बनायेगें किसी अन्य व्यक्ति का ट्रस्ट पर , ट्रस्ट की सम्पत्तियों पर या ट्रस्ट की सदस्यता पर किसी भी प्रकार का अधिकार नही होगा। वसीयत करना अनिवार्य नही है क्योकि ट्रस्ट उपरोक्त पूर्णतया पारिवारिक ट्रस्ट है । मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर की मृत्यु के बाद वंशानुकम के आधार पर उपरोक्त ट्रस्ट व ट्रस्ट की सभी सम्पत्ति कार्य, उद्‌देश्य,अधिकार मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर के स्थान पर स्वतः चले जायेगें ।

11.यह कि प्रत्येक न्यासी/ ट्रस्टी द्वारा अपने उत्तराधिकारी का नाम नामांकन कराया जायेगा जो कि उक्त न्यासी/ ट्रस्टी की मृत्यु होने पर या अक्षम अथवा अनुपयुक्त होने पर उक्त न्यासी/ ट्रस्टी के स्थान पर न्यासी/ ट्रस्टी होगा तथा नव नियुक्त ट्रस्टीयों को एतद द्वारा नियुक्त ट्रस्टीयों के समान ही कार्य करने का अधिकार एवं दायित्व होगा ।

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL
PRINCIPAL
NIRPURA BAGHPAT

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL
MANAGER
NIRPURA BAGHPAT

12.यह कि मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर को ट्रस्ट को सुचारू रूप से संचालन करने हेतु ट्रस्ट में मुख्य ट्रस्टी व सेटलर की सहमति से आवश्यकतानुसार ट्रस्ट में सदस्य नियुक्त कर सकते है या पूर्व में नियुक्त सदस्यों को हटा सकते है इसमें नियुक्त ट्रस्ट के साधारण सदस्यों को कोई आपत्ति करने का अधिकार

नही होगा । उपरोक्त नियुक्त सदस्यों को आवश्यकतानुसार अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव आदि के पद पर नियुक्त कर सकते है जब चाहे हटा सकते है । किसी को कोई आपत्ति नही होगी । ट्रस्ट के समस्त फण्ड बैंक अकाउण्ट पर मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर तीनों संयुक्त रूप से रहेगें

यह कि नियुक्त होने वाले पदाधिकारियों के निम्न कर्तव्य व दायित्व होगें

मुख्य ट्रस्टी – ट्रस्ट की सभी बैठकों की अध्यक्षता करना, ट्रस्ट की बैठक समय से बुलाने व ट्रस्ट को सुचारू रूप से संचालन करने के लिए सचिव को निर्देश व सहयोग प्रदान करना ट्रस्ट के लिए ट्रस्ट के नाम से कानूनी कार्यवाही करना एवं आवश्यकता पडने पर अधिवक्ता या पैरोकार को नियुक्त करना ।

मुख्य ट्रस्टी की अनुपस्थिति में मुख्य ट्रस्टी के कार्य करने का अधिकार सेटलर व उपसेटलर को होगा और सेटलर व उपसेटलर द्वारा किये गये कार्य मान्य होगें जिनका अनुमोदन मुख्य ट्रस्टी से करा लिया जायेगा ।

सेटलर व उपसेटलर – ट्रस्ट की बैठको में पारित समस्त प्रस्ताव व आदेशों को कार्य रूप में परिणित करना, ट्रस्ट के दैनिक कार्यकलाप को सुचारू रूप से संचालित करना सभी बैठकों को समयानुसार व मुख्य ट्रस्टी के आदेशानुसार बुलाना तथा सभी

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL MANAGER NIRPURA, BAGHPAT

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL PRINCIPAL NIRPURA, BAGHPAT

बैठकों की कार्यवाही का पूर्ण रूप से विवरण ,बैंठक कार्यवाही रजिस्टर में लिख कर मुख्य ट्रस्टी से सत्यापित कराना अगली बैठक बुलाने की सूचना के साथ पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के लिए उसकी नकल सभी ट्रस्टियों को भेजना ट्रस्ट की समस्त आय व व्यय को सत्यापित कर ट्रस्ट की सभी चल व अचल सम्पत्तियों का पूर्ण विवरण रख उनकी सुरक्षा करना ।

15.यह कि ट्रस्ट के सभी महत्वपूर्ण कार्य जैसे–न्यायालय प्रकरण,प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष करों से सम्बन्धित लेन–देन निर्माण ,मान्यता, सम्बद्वता आदि आपसी सहमति से मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर करेगें । किसी महत्वपूर्ण निर्णय अथवा आपातकालीन समस्या के लिए आपातकालीन बैठक मुख्य ट्रस्टी द्वारा आहुत की जायेगी ।

16.यह कि मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर समय–समय पर सामाजिक ,धार्मिक व पारमार्थिक कार्यो के प्रबन्ध एवं संचालन हेतु अपने विवेक के अनुसार प्रबन्धक

समिति जिसमें वे स्वयं या उनमें से एक या अधिक ट्रस्टी तथा अन्य व्यक्ति अथवा व्यक्तियों को नियुक्त करने का अधिकार होगा एवं ट्रस्टीगण ऐसी प्रबन्धक समिति तथा उसके कार्यकाल नियम आदि बनाने का तथा ऐसी प्रबन्धक समिति को सम्बन्धित कार्यो,उद्द्श्यों के संचालन व पूर्ति के लिए जो अधिकार ट्रस्टीगण उचित समझे से प्रदान करने की शक्ति होगी ।

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL MANAGER NIRPURA, BAGHPAT

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL PRINCIPAL NIRPURA, BAGHPAT

18.यह कि मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर को अन्य ट्रस्टी रखने एवं सदस्य बनाने तथा उनको हटाने का अधिकार होगा । यह कि ट्रस्ट के नाम नियम एवं उद्दश्यों में परिवर्तन करने का अधिकार भी मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर को होगा । नये ट्रस्टी सदस्यों को नियुक्त एवं निष्कासन के लिए मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर से होगा ।

19. यह कि भविष्य में ट्रस्ट के द्वारा संचालित किसी भी शैक्षिक सामाजिक व धार्मिक संस्था के सूचारू रूप से संचालन हेतु प्रबन्ध समिति नियुक्त करने का अधिकार मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर की सहमति से होगा । भविष्य में ट्रस्ट के बैंक अकाउण्ट में रूपयों का लेन देन मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर तीनों के हस्ताक्षर व सहमति से होगा एवं ट्रस्ट की किसी भी सम्पत्ति को कय करना विकय करना दान देना दान लेना मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर की सहमति से ही होगा ।

19.यह कि ट्रस्ट की बैठक साल में कम से कम एक बार अवश्य होगी परन्तु किसी भी ट्रस्टी को 7 दिन पूर्व अन्य ट्रस्टीगण को प्रस्तावित बैठक के विषय में सूचना देकर ट्रस्ट की बैठक बुलाने का अधिकार होगा और ट्रस्ट की बैठक साधारणतः ट्रस्ट कार्यालय में होगी परन्तु ट्रस्टीगण को अन्य स्थान पर जहाँ ट्रस्टीगण उचित समझे बैठक बुलाने का भी अधिकार होगा ।

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL MANAGER NIRPURA, BAGHPAT

Khushi Lal

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL PRINCIPAL NIRPURA, BAGHPAT

20.यह कि बैठक का कोरम किसी भी समय समस्त ट्रस्टियों की संख्या का एक बटा तीन होगा । यदि कोरम के अभाव में सभा स्थगित की जाती है तो स्थगित बैठक की तिथि समय व स्थान की समस्त ट्रस्टिगणों को डाक द्वारा सूचना प्रेषित करना आवश्यक होगा । स्थगित सभा भी कोरम पूरा किये बिना नही हो सकती । ट्रस्ट के सभी महत्वपूर्ण कार्यो में मुख्य ट्रस्टी की सहमति लेनी अनिवार्य होगी ।

21.यह कि उक्त मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर को ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं से अपने तकनीकी कौशल के अनुसार पारिश्रमिक व लाभ प्राप्त करने के अधिकार होगें ।

22.यह कि मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर ट्रस्ट की प्राप्ति व खर्चो का व ट्रस्ट फण्ड एवं सम्पत्तियों का सम्पूर्ण उचित तरीके से बाजाब्ता हिसाब रखेगें और प्रतिवर्ष 31 मार्च को समाप्त होने वाले लेखा/आर्थिक वर्ष का वार्षिक आय व्यय का लेख व आर्थिक चिटठा बनायेगें जो कि मुख्य ट्रस्टी एवं सेटलर द्वारा हस्ताक्षरित किया जायेगा और उसका आडिट चार्टेड एकाउन्टेन्ट द्वारा कराया जायेगा ।

23.यह कि मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर को उक्त ट्रस्ट के उद्देश्यो की पूर्ति हेतु तथा आवश्यक होने पर अन्य व्यक्तियों,संस्था अथवा किसी अधिकारी अथवा किसी अन्य के सहयोग से समस्त विधिवत कार्य करने का पूर्ण अधिकार होगा

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL
MANAGER
NIRPURA, BAGHPAT

Khushi Lal Jha

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL
PRINCIPAL
NIRPURA, BAGHPAT

24.यह कि मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कहीं भी चल व अचल सम्पत्ति किन्ही भी शर्तों पर जो मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर निश्चित करेगें तथा ट्रस्ट के उद्देश्यों के विपरीत न हो को प्राप्त करने व धारण करने चाहे

पूर्ण स्वामित्व में हो या लीज पर हो या किराये पर हो या किसी और अन्य तरीके से प्राप्त करने तथा विक्रय करने,किराये पर देने हस्तान्तरण करने या अन्य प्रकार से अधिकार त्यागने का पूर्ण अधिकार होगा ।

29.यह कि मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर ट्रस्ट के उद्देश्यो की पूर्ति के लिए समय–समय पर व्यक्तिगत/वित्तीय संस्थाओं/फर्म बैंक आदि के उधार/ऋण आदि से उधार/ऋण लेने का पूर्ण अधिकार होगा । मुख्य ट्रस्टी व सेटलर को ट्रस्ट की सम्पत्तियों को बंधक रख कर ट्रस्ट के उद्देश्यों के लिए उधार/ऋण /बैंक गारण्टी लेने का पूर्ण अधिकार होगा तथा ट्रस्ट के लाभ के लिए ट्रस्ट की सम्पत्ति को विक्रय करने का अधिकार भी होगा । इन सभी कार्यो को करने का अधिकार केवल मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर को होगा।

30.यह कि मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर को ट्रस्ट के उद्देश्यों के लिए ट्रस्ट की सम्पत्तियों/परिसम्पत्तियों को किराये पर देने व सभी प्रकार के शेयरों ऋण पत्रों व अन्य प्रतिभूतियों मे निवेश करने का पूर्ण अधिकार होगा ।

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL MANAGER NIRPURA, BAGHPAT

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL PRINCIPAL NIRPURA, BAGHPAT

31.यह कि एतद द्वारा संस्थापित किया गया ट्रस्ट अप्रतिसंहरणीय होगा परन्तु यदि किसी कारणवश से मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर उक्त ट्रस्ट का संचालन करने में असमर्थ होगें तो ट्रस्ट की सभी सम्पत्तियों / परिसम्पत्तियों को निस्तारण कर ट्रस्ट की सभी देनदारियों का भुगतान करने के पश्चात ट्रस्ट का विघटन कर सकते है तथा इसके पश्चात जो भी लाभ या हानि होगी उसे केवल मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर द्वारा वहन किया जायेगा ।

ट्रस्ट द्वारा विद्यालय चलाने की दशा में सामान्य नियम

1.विद्यालय की प्रबन्ध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा ।
2.विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचितजाति / अनुसूचित जन जाति के मेधावी बच्चों के लिए संरक्षित होगें और उनसे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नही लिया जायेगा ।
3.संस्था द्वारा राज्य सरकार से आवश्यकता पडने पर अनुदान की मांग की जा सकती है । यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की सम्बद्वता सैन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन बोर्ड नई दिल्ली / काउन्सिल फॉर दी इण्डियन स्कूल एगजामिनेशन सर्टिफिकेट नई दिल्ली से प्राप्त होगी तो उक्त परीक्षा परिषदो से सम्बद्वता प्राप्त होने की तिथि से परिषद से मान्यता और राज्य सरकार से अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेगा ।

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL NIRPURA, BAGHPAT MANAGER

Khushi Lal Jha

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL NIRPURA, BAGHPAT PRINCIPAL

4.संस्था के शिक्षण तथा शिक्षणोत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षण शिक्षेत्तर कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नही दिये जायेगें ।

5.कर्मचारियों की सेवा शर्ते बनाई जायेगी और उन्हे सहायता प्राप्त माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों के अनुमन्य सेवा निवृत्ति लाभ उपलब्ध कराये जायेगें ।

6.राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेगें संस्था उनका पालन करेगी ।

7. विद्यालय का रिकॉर्ड निर्धारित प्रपत्र /पत्रिकाओं में रखा जायेगा

8.यू0पी0 एजूकेशन कोड की धारा 105 से 107 के अन्तर्गत विभिन्न वर्गो के छात्रों को शुल्क मुक्ति प्रदान की जायेगी ।

उपरोक्त के साक्ष्य स्वरूप मुख्य ट्रस्टी व सेटलर व उपसेटलर ने अपने हस्ताक्षर किये है ।

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL
MANAGER
NIRPURA, BAGHPAT

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL
PRINCIPAL
NIRPURA, BAGHPAT

लिखित दिनांक 03.10.2019 ई0 मसौदा व फोटो सत्यापन भूप्रकाश श्यौराण एडवोकेट बडौत ।

साक्षी–सतेन्द्रपाल राणा पुत्र ओमसिंह
निवासी ग्राम निरपुडा तहसील बडौत

सतेन्द्र

साक्षी–राजकुमार पुत्र टीकाराम
निवासी ग्राम निरपुडा तहसील बडौत

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL
MANAGER
NIRPURA BAGHPAT

Khushi Lal

READ GLOBAL PUBLIC SCHOOL
PRINCIPAL
NIRPURA BAGHPAT

आवेदन सं०: 201900735016827

बही संख्या 4 जिल्द संख्या 91 के पृष्ठ 1 से 70 तक क्रमांक 162 पर दिनॉक 04/10/2019 को रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रदीप कुमार प्र0 उपनिबंधक, बड़ौत
उप निबंधक . बड़ौत
बागपत
04/10/2019